७. विद्रोही

I. प्रश्न उत्तर

१. शक्तिसिंह कौन था ? वह किससे बदला लेना चाहता था ?

उ. शक्तिसिंह मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप का भाई था । वह अपने भाई महाराणा प्रताप से अपने अपमान का बदला लेना चाहता था । एक बार महाराणा प्रताप ने अपने भाई को सही रास्ते पर लाने के लिए डाँट - फटकार की थी । शक्तिसिंह उसे अपना अपमान समझकर विद्रोही बनकर मुगलों का आश्रय लिया । वह प्रताप के गर्व को मिट्टी में मिलाना चाहता था ।वह मुगलों के साथ मिलकर, महाराणा प्रताप को हराना चाहता था । बहुत दिनों से उसके हृदय में धधकती ज्वाला को शांत करना चाहता था ।

प्र.२. महाराणा प्रताप ने अपने शत्रुओं से कैसे युध्द किया था ? सौ शब्दों में उत्तर दीजिए ।

उ. हल्दी घाटी नामक स्थान पर राजपूत और मुगल सेना के बीच युध्द आरंभ हुआ । सूखी हल्दी घाटी में रक्तधारा बहने लगी । महाराणा आगे बढ़े । शत्रु सेना का व्यूह टूटकर तितर - बितर हो गया । लाशों से मैदान भर गया । महाराणा शत्रु - सेना में सिंह की भाँति उन्मत्त होकर घूम रहे थे । जान की बाजी लगी थी, सब तरफ से घिरे थे । हमले पर हमला हो रहा था । प्राण संकट में पड़े थे । बचना कठिन था । सात बार घायल होने पर भी महाराणा प्रताप रण भूमि में वीरतापूर्वक युध्द करते रहे ।

प्र.३. मन्नाजी ने महाराणा प्रताप को कैसे बचाया ?

उ. महाराणा प्रताप चारों ओर से घिरे थे । मानसिंह की कुमंत्रणा सिध्द होने वाली थी । ऐसे समय में सरदार मन्ना जी वहाँ अपनी सेना सहित आ पहुँचे । महाराणा ने आश्चर्य से उनकी ओर देखा । वीर क्रोध में आकर पूछा - " यह क्या?" मन्नाजी ने कहा । आज मरनें से पहले एक बार राजचिन्ह धारण करने की बड़ी इच्छा हुई है । राणा ने उस उन्मादपूर्ण हँसी में अटल धैर्य देखा । घायल प्रताप रणक्षेत्र से अपने घोड़े पर निकल गये और वीर मन्ना जी को प्रताप समझ कर मुगल सैनिक टूट पड़े । इस प्रकार मन्ना जी ने महाराणा प्रताप को बचाया ।

प्र.४. शक्तिसिंह ने अपनी भूल किस प्रकार सुधारी ?

उ. रण - भूमि में राजपूतों के शवों को देखकर शक्तिसिंह का मन बदल गया । अपनी भूल पर वह पछताने लगा । इसलिए महाराणा प्रताप के सामने नत - मस्तक होकर खड़ा हो गया । उसने कहा - " सेवक अज्ञान में भूल गया था, आज्ञा हो तो चरणों पर अपना शीश चढ़ाकर पद - प्रक्षालन कर लूँ । " इसके बाद शक्तिसिंह ने अपने भाई प्रताप को मुगलों से बचाने के लिए अपने घोडे पर बैठकर चले जाने के लिए कहा । इस तरह शक्तिसिंह ने अपनी भूल सुधारी ।

I. वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।

१. कोलाहल - शोर
गावँ मे बन्दरों ने कोलाहल मचा दिया ।

२. हवा में उड़ना - तेज दौड़ना
मोहन की मोटर साइकिल हवा में उड़ने लगी ।

३. विलम्ब - देर
आज मैं अपने कार्यालय को विलम्ब से गया ।

II. निम्न वाक्यों को पाठ के आधार पर विशेषणों से भरिए ।

१. ..... दिल किसी तरह नहीं मानेगा ।
उ. नादान ।

२. बड़ा ..... समय था ।
उ. विकट ।

३. ..... मन्ना जी ने राणा के प्राण बचाए ।
उ. वीर ।

III. उपसर्ग को अलग कीजिए ।

१. अन्याय - अ

२. अपमान - अप

३. प्रतिहिंसा - प्रति

IV. विलोम शब्द लिखिए ।

१.	वीरता	X	कायरता	६.	इच्छा	X	अनिच्छा
२.	विजय	X	पराजय	७.	सेवक	X	स्वामी
३.	महत्वपूर्ण	X	महत्वहीन	८.	कठिन	X	सरल
४.	अपमान	X	सम्मान	९.	निड़र	X	डरपोक
५.	क्रोध	X	शांत	१०.	भला	X	बुरा

V. वचन बदलकर रेखांकित शब्द का वाक्य फिर से लिखिए ।

१. हम अपमान का बदला लेगें ।

उ. मैं अपमान का बदला लुँगा ।

२. प्रताप के गर्व को आज मैं मिट्टी में मिला दूँगा ।

उ. प्रताप के गर्व को आज हम मिट्टी में मिला दूँगा ।

३. वह सैनिक है ।

उ. वे सैनिक है ।

VI. काल बदलिए ।

१. वीर मन्नाजी युध्द के लिए तैयार हुए । **(भविष्य काल में लिखिए ।)**

उ. वीर मन्नाजी युध्द के लिए तैयार होंगे ।

२. राणा प्रताप युध्द में सिंह की भाँति लड़े । **(वर्तमान काल में लिखिए ।)**

उ. राणा प्रताप युध्द में सिंह की भाँति लड़ रहे है ।

३. शक्तिसिंह मुगलों से मिल जायेगा । **(भूत काल में लिखिए ।)**

उ. शक्तिसिंह मुगलों से मिल गया ।

VII. वस्तुनिष्ठ प्रश्न - उत्तर ।

१. " विद्रोही " पाठ के लेखक कौन है ?

उ. श्री विनोदशंकर व्यास ।

२. किस के दिल में आग जल रही थी ?

उ. शक्तिसिंह

३. शक्तिसिंह कौन था ?

उ. महाराणा प्रताप का भाई ।

४. कहाँ खून की नदियाँ बहने लगी ?

उ. हल्दी घाटी में ।

५. राजपूत सैनिक कितने थे ?

उ. २२ हजार

६. किसकी कुमंत्रणा सिध्द होने लगी ?

उ. मानसिंह की ।

७. महाराणा किस प्रकार युध्द कर रहे थे ?

उ. सिंह की भाँति ।

८. राणा पर कितने बार वार किया गया य

उ. सात बार ।

९. प्रलय का राग किसने छोड़ा ?

उ. भैरवी रणचण्ड़ी ने ।

१०. वीर मन्ना जी क्या चाहते थे ?

उ. राज - चिन्ह धारण करना ।

११. शक्तिसिंह ने मार्ग में क्या देखा ?

उ. कटे हुए शव ।

१२. किसने राणा के प्राण बचाए ।

उ. वीर मन्ना जी ने

१३. शक्तिसिंह कैसे रोने लगा ।

उ. फूट - फूट कर ।

१४. शक्तिसिंह राणा प्रताप के सामने कैसे खड़ा था ।

उ. नतमस्तक

१५. राणा किसके घोडे पर सवार होकर निकल गये ?

उ. शक्तिसिंह

१६. राणा प्रताप के घोडे का नाम क्या था ?

उ. चेतक

१७. राणा ने मन्ना जी के उन्महर्पू हँसी में क्या था?

उ. अटल धैर्य ।

१८. पहाडी वृक्षों से किसकी वर्षा होने लगी ।

उ. पुष्प - वर्षा ।

१९. विद्रोही कैसा पाठ है ?

उ. कहानी

२०. शक्तिसिंह ने अंत में क्या सुधार ली ?

उ. भूल

***